# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (02.02.2025)


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:02.02.2024, PAGE-12


# पीजी में नामांकन के लिए मेधा सूची शीघ्र

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी कोर्स में नामांकन के लिए पहली मेधा सूची एक से दो दिनों में जारी होगी। पहली मेधा सूची में करीब साढ़े नौ हजार से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे।

पीजी में नामांकन के लिए आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पहली मेधा सूची लगभग तैयार हो गई है। प्रशासनिक अनुमति के बाद इसे जारी किया जाना है। इस आधार पर कालेजों और पीजी विभागों में नामांकन की प्रक्रिया पूरी होगी। विश्वविद्यालय की कोशिश है कि इसी महीने से नामांकन के बाद पीजी की कक्षाएं शुरू करने के लिए अधिसूचना जारी कर दी जाए। पहले ही पीजी का शैक्षणिक सत्र एक वर्ष से अधिक की



देरी से संचालित हो रहा है। पिछले वर्ष इसके पटरी पर लौटने की उम्मीद जगी थी, लेकिन अब भी इसमें कोई सुधार नहीं हो सका है। पीजी में नामांकन के लिए जारी होने वाली मेधा सूची में यह कोशिश होगी कि आवेदकों के संबंधित जिले वाले कालेजों में ही नामांकन का विकल्प मिलेगा। कक्षाओं में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के लिए ऐसा किया जाएगा। दूसरी ओर छात्राओं को पीजी विभागों में नामांकन में प्राथमिकता दी जाएगी।

## थर्ड सेमेस्टर के लिए करीब 1.10 लाख विद्यार्थी योग्य

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए करीब 1.10 लाख से अधिक विद्यार्थी योग्य होंगे। यह संख्या आने वाले दिनों में बढ़ भी सकती है। कई छात्र-छात्राओं के रिजल्ट पेंडिंग हैं। ऐसे में परीक्षा फार्म भरने से पहले इसमें और भी वृद्धि हो सकती है। चार वर्षीय स्नातक के रेगुलेशन के अनुसार थर्ड सेमेस्टर में जाने के लिए विद्यार्थी के पास 28 क्रेडिट होना अनिवार्य है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि इस महीने स्नातक थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए फार्म भरने की प्रकिया शुरू होनी है। जल्द ही इसकी तिथि जारी होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR,
DATE: 02.02.2025, PAGE-05

## विवि : अगले सप्ताह जारी होगी पीजी की मेधा सूची

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से पीजी सत्र 2024-26 में नामांकन को लेकर पहली मेधा सूची अगले सप्ताह जारी की जाएगी. इसको लेकर विवि के स्तर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है. इस सूची में करीब आठ हजार स्टूडेंट्स का नाम शामिल किया जाएगा. इसके बाद नामांकन के लिए 10 दिनों का समय दिया जाएगा. विवि की ओर से बताया गया कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी करते हुए इसी महीने कक्षाएं शुरू करने की योजना है. चूंकि, कॉलेजों में परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, ऐसे में ऑनलाइन मोड में कक्षाएं संचालित की जाएंगी.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 02.02.2025, PAGE-05

## तृतीय सेमेस्टर के लिए 1.10 लाख क्वालिफाई

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक सत्र 2023-27 के 1.10 लाख स्टूडेंट्स तृतीय सेमेस्टर में क्वालिफाई हो गये हैं. इन स्टूडेंट्स को 28 या इससे अधिक क्रेडिट प्राप्त हुआ है. विश्वविद्यालय की ओर से इन स्टूडेंट्स को तृतीय सेमेस्टर में शामिल करने के लिए हरी झंडी दे दी गयी है. तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में शामिल होने के लिए द्वितीय सेमेस्टर में सफल होना जरूरी था. विवि की ओर से बताया गया कि कुछ छात्रों का परिणाम पेंडिंग हैं.